**Page Three**

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# क्वारांइन सेंटरों में दिक्कतों के चलते प्रशासन का बड़ा का निर्णय

**फैसला**

## गर्भवती, 65 साल के बुर्जुग एवं दस साल के बच्चे नही होंगे संस्थागत क्वारंटाइन

■जिले में वर्तमान समय में 2164 लोग संस्थागत क्वारंटाइन में

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। संस्थागत क्वारंटाइन सेंटरों में व्याप्त दिक्कतों के चलते अब जिला प्रशासन गर्भवती महिलाओं व बुर्जुगों और बच्चों को होम क्वारंटाइन कराने के पक्ष में है। बता दें कि शासन ने दो रोज पूर्व इस मामले में आवश्यक दिशा निर्देश जिले में पहुंच चुके है। अब बाहर से आने वाले जो इस दायरे में आयेगें उनको अब होम क्वारंटाइन में भेजे जाने के संकेत मिल रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले में वर्तमान समय में 2164 लोग संस्थागत क्वारंटाइन में रखे गये है। वही जिले में कुल 76 क्वारंटाइन सेंटर बनाये गये है।



सांकेतिक चित्र।

क्वारंटाइन सेंटरों में में आये दिन व्याप्त जगह की कमी व खानें पीनें आदि की बढती समस्या के मददेनजर अब गर्भवती महिलाओं व पैसठ साल के बुर्जुगों और दस साल तक की उम्र के बच्चों व इससे छोटें बच्चों को क्वारंटाइन सेंटरों में दिक्कतों से दो चार होना पड रहा है। बेडों की कमी के चलते लोगो को जमीन पर सोने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जिला प्रशासन ने ठीक ऐसे समय इस परेशानी से इन लोगों को निजात दिलाने की एक छोटी सी कोशिश की है। जिला प्रशासन को शासन से मिले इन निर्देंशो के तहत अब इस दायरें में आनें वाले लोगों को संस्थागत क्वारंटाइन न कराकर होम क्वारंटाइन पर विशेष रूप से भेजने के लिए तैयार होना पड़ेगा।

दो रोज पूर्व आये इन निर्देशों को जिले में अब लागू करना पड़ेगा। वही ऐसे में इससे लोगों को कुछ बहुत राहत मिलने के आसार संभव है।

अब इन पर प्रशासन द्वारा अमल करना शुरू कर दिया गया है। दूसरी ओर अब संस्थागत क्वारंटाइन सेंटर में कोई भी समस्या मिलने पर क्वारंटाइन सेंटर में रह रहे लोगों को मौके पर अधिकारियों की सूची के आधार पर चस्पा हुए फोन नंगरों में तत्काल सूचना दिये जाने की वैकलपिक व्यवस्था प्रशासन द्वारा जिले में की जा रही है।

वही नोडल अधिकारी डां पंकज जोशी ने बताया कि जिले में जो छिहतर क्वारंटाइन सेंटर बनाये गये है उनमें अब तक लगभग दो हजार एक सौ चौसठ लोग संस्थागत क्वारंटाइन में रखे गये है। उनका साफ साफ कहना है कि संस्थागत क्वारंटाइन सेंटर में रखे गये गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गो व बच्चों के डाटा अब प्रशासन द्वारा जुटाये जा रहे है।

प्रशासन के निर्देशों के मिलने के बाद अब आगे त्वरित गति से कारवाही की जायेगी।

## न्यूज डायरी

### क्वारंटाइन सेंटर में धूम्रपान करने पर युवकों का कटा चालान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बेरीनाग के राजकीय बालिका इंटर कालेज में क्वारंटाइन सेंटर के परिसर में क्वारंटाइन कर रहे कर रहे दो युवकों को धूम्रपान करना मंहगा पड गया। बता दें कि इन दोनों युवकों के खिलाफ लॉकडाउन अधिनियम के तहत क्वारंटाइन परिसर में उल्लंघन के तहत भादवि धारा 188 269 आपदा प्रबधन एक्ट की धारा 31 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया ।

### पर्यावरण मित्रों की की गई तैनाती

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जनपद के क्वारंटाइन सेंटरों की साफ सफाई और सैनिटाइजेशन के लिए अब पैतालीस पर्यावरण मित्रों की तैनाती कर दी गई है।वही ये पर्यावरण मित्र अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा भी रहे है। बता दें कि ये लोग घरों में होम क्वारंटाइन कर रहे लोगों के आवास में जाकर साफ सफाई का काफी ध्यान रख रहे है। वही इन पर्यावरण मित्रों कके कार्या की बेहद सराहना भी की जा रही है। जिले में बने तमाम आइसोलेसन संेटरों में ये पर्यावरण मित्र जाकर अपनी डयूटी निभा रहे है।

### सरकार की पहली प्राथमिकता अर्थव्यवस्था व लोगों का जीवन बाद में

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार इस कोरोना माहवारी में लोगों को मौत के मुंह में धकेल कर अर्थव्यवस्था पर फोकस करने में लगी है और लोगों के जीवन से खिलवाड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोर्चा लगातार भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार के आर्थिक रूप से दिवालियापन एवं माफियाओं के हाथों में खेलने के बारे में जनता को पहले ही आगाह कर चुका था। सरकार का खजाना बिल्कुल खाली है।

### के बी नैचुरल और एमवे इंडिया ने इम्यूनिटी फ्रूट बेवरेज लॉन्च करने के लिए हाथ मिलाया

**संवाददाता** देहरादून। आई.टी.सी. के बी नैचुरल और एमवे इंडिया ने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अपनी तरह की पहली बी नैचुरलध रेंज लॉन्च करने के लिए एक विशेष भागीदारी की है। बी नैचुरल जूस एवं बेवरेजेस ने हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को फलों का पोषण उपलब्ध कराने की कोशिश की है और अब इस ब्रांड के तहत इम्यूनिटी+ फ्रूट एवं फाइबर के दोहरे गुणों का लाभ प्रदान करने के लिए बी नैचुरल+रेंज को पेश किया जा रहा है। आईटी.सी. के लाइफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी सेंटर यानि द्वारा क्लिनिकल प्रमाणित एक विशेष सामग्री विकसित की गई है, जो शरीर में इम्यूनिटी बढ़ाने का वादा करती है।

## बाबा विश्वनाथ जगदीशीला डोली यात्रा एवं गंगा दशहरा पर की देश प्रदेश में खुशहाली की कामना

**संवाददाता** गंगा उद्धार सेवा समिति के महंत हेमराज द्वारा कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से लॉकडाउन के चलते बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला डोली के संरक्षक एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने आज सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये बाबा विश्वनाथ जगदीशीला डोली यात्रा एवं गंगा दशहरा के अवसर पर देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुये चन्द्रमणि स्थित प्राचीन गौतम कुण्ड में मां गंगा की आरती की तथा कोरोना महामारी एवं कोरोना महामारी के दौरान हुई लोगों की मृत आत्माओं की शांति के लिये मंदिर परिसर में रूद्राक्ष का पौधा लगाया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की कोरोना महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन की वजह से सदियों पुरानी यह परंपरा नहीं टूटी है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में इस महामारी से मुक्ति दिलाने की आवश्यकता है इसके लिए बाबा विश्वनाथ व मां जगदशिला विशेष रूप से अपनी कृपा बनायेंगें।



# पूरी ही सरकार को क्वारंटाइन होना चाहिएः सूर्यकांत धस्माना

■जिन जिन लोगों के संपर्क में आये उनकी भी हो जांच

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि राज्य के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री व उनकी धर्मपत्नी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत से परिजन कोरोना पॉजिटिव पाये गये और इतना ही नहीं की सतपाल महाराज लगातार कैबिनेट की बैठकों में शामिल होते रहे है और ऐसे में पूरी सरकार के साथ अधिकारियों को भी पूरी तरह से क्वारंटाइन होना चाहिए लेकिन अभी तक इस ओर कार्यवाही नहीं की गई है और कहा जा रहा है कि क्वारंटाइन होने की जरूरत ही नहीं है।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए धस्माना ने राज्य के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज के कोरोना संक्रमण से ग्रसित होने की घटना को दुखद बताते हुए उनके व उनकी पत्नी समेत सभी लोग जो उनके निवास पर संक्रमित पाए गए उनकी कुशलता की कामना करते हुए इसे बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया है।

धस्माना ने कहा कि राज्यपाल को तत्काल स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन को निर्देश दे कर मुख्यमंत्री समेत तमाम मंत्री जो सतपाल महाराज के साथ मंत्रिमंडल बैठक में उपस्थित थे उनको क्वारंटाइन करना चाहिए व उन सब की जांच करवा कर सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं किसी को संक्रमण तो नहीं हुआ है। धस्माना ने कहा कि ये घोर लापरवाही का मामला है क्योंकि कल से अब तक मुख्यमंत्री समेत तमाम वे मंत्री व अधिकारी जो मंत्रिमंडल की बैठक में कैबिनेट सतपाल महाराज के साथ उपस्थित थे और उनका क्वारंटाइन व जांच होना जरूरी था क्योंकि अभी तक कई घण्टों में यह लोग न जाने कितने लोगों से मिले होंगें।

उन्होंने कहा कि इसका ब्यौरा भी सामने आना चाहिए कि वह किन किन लोगों से मिले और उन लोगों की भी जांच की जाये, कि वह संक्रमित है या नहीं। स्वास्थ्य विभाग को इस दिशा में तत्परता से कार्य करना होगा, जिससे यह महामारी तेजी से न फैल सके।

## जिले के व्यापारियों में देखने को मिली एकता

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में लगातार बढ रहे कोरोना महामारी के चलते व्यापारियों ने एक बार एकता का परिचय दिया है। बता दें कि जहां एक ओर राज्य के मुख्यमंत्री की ओर से राज्यों के जिलों में दुकानों को खोलने के लिए सुबह के 7 बजे से शाम के 7 बजे तक फरमान दे रहे है। जिले के व्यापारियों ने मुख्यालय में कोरोना को हराने के लिए जिले में दुकानों को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया है। इलाके के व्यापार संघ पदाधिकारियों ने कहा है कि जिले में रोजाना बढ रहे कोरोना मरीजों की तादात के चलते जिले के व्यापार में फर्क पड रहा है। कोई बडी अनहोनी घटना न हो इसके लिए जिले के व्यापारियों ने एक बार उकता का परिचय दिया है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि वे लोगों के स्वास्थ से खिलवाड बिल्कुल नही करना चाहते है। इस दौरान कोरोना के बडते खौफ से हर कोई भय के माहौल में पडा है। इलाके के व्यापार संघ ने बैठक कर ये फैसला लिया कि वे जिले में अब दुकानों को सुबह 7 बजे से दोपहर दो बजे तक खोलने का निर्णय लिया है। इस दौरान व्यापार संघ के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।